जगत सब छोड़ दिया सांवरे तेरे पीछे

जगत सब छोड़ दिया सांवरे तेरे पीछे,
ओ रसिया तेरे पीछे,
जगत सब छोड़ दिया सांवरे तेरे पीछे......

तेरे पीछे कान्हा मैं तो वृन्दावन आई रे,
वृन्दावन आई रे,
ऐसी सुरीली तूने बांसुरी बजाई रे,
बांसुरी बजाई रे,
ये जीवन मोड़ लिया सांवरे तेरे पीछे,
ओ रसिया तेरे पीछे,
जगत सब छोड़ दिया सांवरे तेरे पीछे.....

हुई मैं दीवानी मेने छोड़ा ये जमाना रे,
छोड़ा ये जमाना रे,
लागी लगन है अब तो श्याम को ही पाना रे,
श्याम को ही पाना रे,
ये रिश्ता जोड़ लिया सांवरे तेरे पीछे,
ओ रसिया तेरे पीछे,
जगत सब छोड़ दिया सांवरे तेरे पीछे......

कैसे मैं आऊं तेरी टेढ़ी है डगरिया रे,
टेढ़ी है डगरिया रे,
तुमको रिझाऊं कैसे बांके सावंरिया रे,
बांके सावंरिया रे,
ये घूँघट खोल दिया सांवरे तेरे पीछे,
ओ रसिया तेरे पीछे,
जगत सब छोड़ दिया सांवरे तेरे पीछे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32451/title/jagat-sab-chorh-diya-sanwre-tere-piche

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |